राविप्रौसंप NCSTC

बिहार सरकार

BCST

विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

बिहार काउन्सिल ऑन साईन्स एण्ड टेक्नोलॉजी, तारामंडल, पटना

आवश्यक सूचना

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस–2024

दिनांक–28.02.2024 को राज्य स्तरीय राश्ट्रीय विज्ञान दिवस 2024 कार्यक्रम का आयोजन पुराना सचिवालय के सिंचाई भवन परिसर अवस्थित अधिवेशन भवन के मुख्य सभागार में प्रातः 10:00 बजे से आयोजित है।

उक्त कार्यक्रम में दिनांक–04.11.2023 एवं 05.11.2023 को कक्षा 8वीं एवं 9वीं के छात्र–छात्राओं के लिये आयोजित सर सी0 वी0 रमण टैलेंट सर्च टेस्ट इन साईन्स–2024 प्रतियोगिता परीक्षा में जिला स्तर से प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक 152 छात्र–छात्राओं को नगद राशि क्रमशः रू0 5,000/– एवं रू0 3,000/– से पुरस्कृत किया जायेगा।

साथ ही उक्त प्रतियोगिता परीक्षा में कक्षा 8वीं एवं 9वीं के राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 06 छात्र–छात्राओं को लैप–टॉप से भी पुरस्कृत किया जायेगा।

उक्त कार्यक्रम में आमंत्रित सभी 152 छात्र–छात्राओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं पटना आवागमन हेतु रू0 1,000/– के दर से यात्रादि का भुगतान किया जायेगा।

सभी पुरस्कार प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को निदेश दिया जाता है कि आयोजन स्थल पर एक घंटा पूर्व परीक्षा का प्रवेश पत्र, विद्यालय द्वारा निर्गत पहचान पत्र, आधार कार्ड आदि का मूल प्रति एवं छाया प्रति के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

परियोजना निदेशक

PR. No. 017879 (Sci&Teh.) 2023-24

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।